# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

**Bulletin Part-I**

**(Brief summary of proceedings)**

**Wednesday, 21 March 2018 / 30 Phalgun 1939 (*Saka*)**

**No. 69**

**02.09 PM** **Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.09 PM **Questions Hour :**

Starred Questions No. 41, 42, 45 to 50 & 52 to 55 were asked and replied to. Replies to Starred Questions No.43, 44, 51 & 56 to 60 and Un-Starred Questions No. 115 to 187 (except 180,181, 182 & 184) were placed on the table.

Replies to Unstarred Questions No. 180, 181, 182 & 184 were not received from the concerned departments.

The Hon'ble Minister of Transport assured that he will give clarifications on the replies to Starred Questions No. 41, 48, 49 & 52 pertaining to the Transport Department on Friday, 23 March 2018.

2. 3.36 PM **Statement by Hon'ble Deputy Chief Minister :**

**Shri Manish Sisodia,** Hon'ble Deputy Chief Minister made a statement regarding suicide by a girl student of 9th Class of a private school situated at Mayur Vihar, Delhi on 20 March 2018.

Shri Vijender Gupta, Leader of Opposition also expressed his views.

Hon'ble Deputy Chief Minister stated that apart from the investigation by the police authorities on the allegations of molestation he had also issued order for an inquiry to ascertain the circumstances due to which the student committed suicide.

3. 3.47 PM **Special Mention(Rule-280):**

The following Members raised matters under Rule-280 with the permission of the Chair:

1. Shri S.K. Bagga
2. Shri Manjinder Singh Sirsa
3. Shri Jitender Singh Tomar
4. Shri Naresh Balyan
5. Shri Gulab Singh

(4.00) **Shri Vijender Gupta, Leader of Opposition** raised the issue of lack of Quorum in the House.

*Quorum Bell was rung.*

*Quorum completed.*

The Chair also expressed his anguish over lack of quorum in the House. He directed Chief Whip and all other Members to ensure adequate presence in House.

6. Shri Vijender Gupta
7. Shri Jagdish Pradhan
8. Shri Mohinder Goyal
9. Shri Ajay Dutt

4. 4.16 PM **Shri Vijender Gupta,** Leader of Opposition requested the Chair to allow Shri Om Prakash Sharma, Member of BJP to take part in the proceedings of House as he was suspended for remaining part of the session on 19 March 2018.

The Chair requested the House to take decision in the aforesaid matter.

Shri Saurabh Bharadwaj, Shri Pankaj Pushkar, Shri Ajay Dutt, Shri Somnath Bharti, Shri Vishesh Ravi, Shri Sahi Ram, Shri Mohinder Goyal and other Members of Ruling Party stated that the aforesaid matter be considered only if Shri Om Prakash Sharma tendered apology.

5. 4.29 PM **The Chair adjourned the House upto 5.00 PM for tea-break.**

6. 5.02 PM **House reassembled.**

**Hon'ble Speaker in-Chair.**

7. 5.02 PM **Presentation of Outcome Budget :**

**Shri Manish Sisodia,** Hon'ble Deputy Chief Minister presented the **Outcome Budget of NCT of Delhi.**

8. 5.50 PM **Calling Attention (Rule-54) :**

**Shri Pankaj Pushkar** called the attention of Hon'ble Deputy Chief Minister regarding *'alleged leak of question papers and mismanagement of Staff Selection Commission and harassment faced by the students of Jawaharlal Nehru University, Delhi'.*

He also moved the following Resolution with the leave of the House :

*"The Legislative Assembly in its sitting held on 21 March 2018 resolves and requests Government. of India that :*

1. *A time bound inquiry under the supervision of sitting bench of Hon'ble Supreme Court be conducted by Central Bureau of Investigation pertaining to the examinations held by Staff Selection Commission and the procedures adopted by it during the year 2016 to 2018, and*
2. *The Govt. of India should also issue a white paper regarding status of unemployment and the employment/Government jobs provided during the last four years.*

The following Members also expressed their views :

1. Shri Vijender Gupta, Leader of Opposition
2. Shri Saurabh Bharadwaj

He also moved the following Resolution with the leave of the House :

*"The Legislative Assembly in its sitting held on 21 March 2018 resolves that :*

*Whereas, students of the Jawahar Lal Nehru University have filed complaints of sexual harassment and molestation against JNU Professor Mr. Atul Johri;*

*This House, therefore, condemns the lethargic attitude of Delhi Police in not taking prompt action on the complaints of the students as a result of which the students had to resort to protest and gherao the Police Station to get their complaints heard & acted upon by the Delhi Police; and*

*This House also resolves that the Government of Delhi should extend all possible assistance to the victims including legal assistance by appointment of Special Public Prosecutors and counselling through its Women & Child Welfare Department and Delhi Commission for Women."*

**Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** made a brief statement.

The Resolutions moved by Shri Pankaj Pushkar and Shri Saurabh Bharadwaj were put to vote and adopted by voice-vote.

9. 6.20 PM **The Chair adjourned the House up to 12.00 Noon on Thursday, 22 March 2018.**

**Delhi** **C. Velmurugan**
**21 March, 2018** **Secretary**

# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## समाचार भाग—1
**(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)**

**बुधवार, 21 मार्च, 2018 / 30 फाल्गुन, 1939 (शक्)**

**संख्या—69**

**2.09 बजे** **श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

**1.** 2.09 बजे **प्रश्न कालः** तारांकित प्रश्न संख्या 41, 42, 45 से 50 एवं 52 से 55 पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये। तारांकित प्रश्न संख्या 43, 44, 51 एवं 56 से 60 तथा अतारांकित प्रश्न सख्या 115 से 187 (180, 181, 182 एवं 184 को छोड़कर) के उत्तर सदन पटल पर रखे गये।

प्रश्न संख्या 180, 181, 182 एवं 184 के उत्तर संबंधित विभागों से प्राप्त नहीं हुए।

माननीय परिवहन मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे परिवहन विभाग से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या 41, 48, 49 एवं 52 के उत्तरों से संबंधित स्पष्टीकरण शुक्रवार, दिनांक 23 मार्च 2018 को देंगे।

**2.** 3.36 बजे **माननीय उपमुख्यमंत्री द्वारा वक्तव्यः**

**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने मयूर विहार, दिल्ली में स्थित प्राईवेट स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2018 को आत्महत्या करने के संबंध में वक्तव्य दिया।

श्री विजेन्द्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

माननीय उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छेड़छाड़ के आरोपों पर पुलिस अधिकारियों द्वारा जांच के अतिरिक्त उन्होंने उन परिस्थितियों का पता लगाने की जांच करने के लिए आदेश जारी किये हैं, जिनके कारण छात्रा ने आत्महत्या की।

**3.** 3.47 बजे **विशेष उल्लेख (नियम—280) :**

निम्नलिखित सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियम—280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामले उठाये:—

1. श्री एस.के.बग्गा
2. श्री मनजिंदर सिंह सिरसा
3. श्री जितेन्द्र सिंह तोमर
4. श्री नरेश बाल्यान
5. श्री गुलाब सिंह

**(4.00 बजे)** श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष ने सदन में गणपूर्ति का मामला उठाया।

*गणपूर्ति की घंटी बजाई गई।*

*गणपूर्ति पूरी की गई।*

अध्यक्ष महोदय ने सदन मे कोरम के अभाव पर वेदना प्रकट की। उन्होंने मुख्य सचेतक तथा अन्य सभी सदस्यों को सदन में पर्याप्त उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा।

6. श्री विजेन्द्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष
7. श्री जगदीश प्रधान
8. श्री महेन्द्र गोयल
9. श्री अजय दत्त

**4.** 4.16 बजे श्री विजेन्द्र गुप्ता,नेता प्रतिपक्ष ने अध्यक्ष महोदय से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य श्री ओमप्रकाश शर्मा को सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया क्योंकि उन्हें दिनांक 19 मार्च, 2018 को सत्र की शेष कार्यवाही से निलम्बित कर दिया गया था।

अध्यक्ष महोदय ने उपरोक्त मामले में सदन से निर्णय लेने का अनुरोध किया।

श्री सौरभ भारद्वाज, श्री पंकज पुष्कर, श्री अजय दत्त, श्री सोमनाथ भारती, श्री विशेष रवि, श्री सही राम, श्री महेन्द्र गोयल तथा सत्ता पक्ष के अन्य सदस्यों ने कहा कि उपरोक्त मामले पर तभी विचार किया जायेगा जब श्री ओमप्रकाश शर्मा ने क्षमा याचना की हो।

5. 4.29 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही अपराह्न 5.00 बजे तक जलपान अवकाश के लिए स्थगित की।**

6. 5.02 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**
**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**

7. 5.02 बजे **आउटकम बजट का प्रस्तुतीकरण :**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का **आउटकम बजट** प्रस्तुत किया।

8. 5.50 बजे **ध्यानाकर्षण (नियम–54) :**
**श्री पंकज पुष्कर** ने *"कथित रूप से प्रश्न पत्रों के लीक होने तथा कर्मचारी चयन आयोग के कुप्रबंधन और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के विद्यार्थियों द्वारा उत्पीड़न का सामना करने"* के संबध में उप मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

उन्होंने सदन की अनुमति से निम्नलिखित संकल्प भी प्रस्तुत किया :

*''विधानसभा दिनांक 21 मार्च 2018 को आयोजित अपनी बैठक में संकल्प करती है और भारत सरकार से अनुरोध करती है कि –*

*1. वर्ष 2016 से 2018 तक कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कराई गई सभी परीक्षाओं और इसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं की माननीय सुप्रीम कोर्ट की सिटिंग बैंच की निगरानी में सी.बी.आई द्वारा समयबद्ध जाँच करवाई जाये।*

*2. भारत सरकार देश में बेरोजगारी की स्थिति और गत चार वर्षों के दौरान रोजगार/सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने की स्थिति के बारे में श्वेत पत्र भी जारी करे।''*

निम्नलिखित सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये :

1. श्री विजेन्द्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष
2. श्री सौरभ भारद्वाज

उन्होंने सदन की अनुमति से निम्नलिखित संकल्प भी प्रस्तुत किया:

विधानसभा दिनांक 21 मार्च 2018 को आयोजित अपनी बैठक में संकल्प करती है किः

जैसा कि, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जे.एन.यू के प्रोफेसर श्री अतुल जौहरी के विरूद्ध यौन उत्पीड़न तथा छेड़छाड़ की शिकायतें दी हैं,

अतः यह सदन, विद्यार्थियों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई न करने के दिल्ली पुलिस के सुस्त रवैये की निंदा करता है, जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को विरोध करना पड़ा और अपनी शिकायतों को सुनने तथा उन पर दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई करवाने के लिए पुलिस स्टेशन का घेराव करना पड़ा, और

यह सदन यह संकल्प भी करता है कि दिल्ली सरकार को पीड़ितों हेतु विशेष शासकीय अधिवक्ता नियुक्त करके वैधानिक सहायता प्रदान करने और अपने महिला एवं बाल कल्याण विभाग तथा दिल्ली महिला आयोग के माध्यम से परामर्श देने सहित सभी यथासंभव सहायता देनी चाहिए।

**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने संक्षिप्त वक्तव्य दिया।

श्री पंकज पुष्कर तथा श्री सौरभ भारद्वाज द्वारा प्रस्तुत संकल्प मतदान के लिए रखे गये और ध्वनिमत से स्वीकार हुये।

9. 6.20 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही वीरवार, दिनांक 22 मार्च, 2018 को दोपहर 12.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

**दिल्ली**
**21 मार्च, 2018**

**सी. वेलमुरूगन**
**सचिव**